सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-126

19/03/2018

बच्चों ने किया मुख्यमंत्री आवास का भ्रमण

पटना, 19 मार्च 2018 :– राजधानी पटना के सात सरकारी विद्यालयों के करीब 350 बच्चों ने मुख्यमंत्री आवास का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी देते हुये उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही बच्चों को बागवानी के गुर भी सिखाये गये। बच्चों को मुख्यमंत्री आवास में बने मुख्य भवन (मुख्यमंत्री का निवास स्थान), सम्पर्क कुटीर, सौम्य कुटीर, संकल्प, विमर्श, नेक संवाद, लोक संवाद जैसे अनेक नामों से बने भवनों के क्रिया कलापों से भी अवगत कराया गया। भ्रमण में सम्मिलित बच्चों को वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में लगे विभिन्न तरह के पौधों एवं बागवानी से सम्बन्धित जानकारी दी। मुख्यमंत्री आवास में बने हर्बल गार्डन में लगे अनेक प्रकार के औषधीय पौधों के उपयोग एवं उसकी महत्ता से भी बच्चों को रूबरू कराया गया। मुख्यमंत्री आवास भ्रमण के क्रम में बच्चों ने बोधि वृक्ष का भी दर्शन किया जिसे परम पावन दलाई लामा के कर कमलों द्वारा लगाया गया है।

आज जिन विद्यालयों के बच्चों ने मुख्यमंत्री आवास का भ्रमण किया, उनमे बालक मध्य विद्यालय पुनाईचक, मध्य विद्यालय शेखपुरा पटना, नवीन मध्य विद्यालय राजवंशी नगर, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय धीराचक अनिशाबाद, कन्या मध्य विद्यालय पुनाईचक एवं बालक मध्य विद्यालय अमला टोला गर्दनीबाग के छात्र–छात्राएं सम्मिलित थे। भ्रमण के बाद लोक संवाद के खुले प्रांगण में स्कूली बच्चों ने समूह में ''छोड़ों कल की बातें कल की बात पुरानी नये दौर में लिखेंगे मिलकर नयी कहानी हम हिन्दुस्तानी'', ''हम होंगे कामयाब एक दिन मन में है विश्वास पूरा है विश्वास हम होंगे कामयाब एक दिन'' जैसे प्रेरक गीत भी गाये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के डी0एफ0ओ0 सहित संबंधित स्कूलों के प्राध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

****